हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
20 मार्च 2026, समय 18:10

मुख्य समाचार :-

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

2. केंद्र सरकार ने कहा है कि घरेलू एलपीजी के भंडार में कोई कमी नहीं, एक सप्ताह में उपभोक्ताओं को 11 हजार 300 टन व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति की गई।

3. केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा - आम पेट्रोल की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं की गई।

4. हरियाणा में जल जीवन मिशन के दूसरे चरण को लागू करने के लिए केंद्र व हरियाणा सरकार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

5. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश भर में कृषि की स्थिति की समीक्षा की।

6. नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक शैली चौधरी ने कहा - कारण बताओ नोटिस का उचित जवाब दिया जाएगा।

**************************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि मजबूत और आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब उसके नागरिक स्वस्थ हों। उत्तर प्रदेश के वृंदावन में रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल के नंद किशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का लोकार्पण करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार आज स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और प्रत्येक नागरिक के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करने के वास्ते निरंतर प्रयास कर रही है।

*केंद्र सरकार देश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रहे हैं। आयुष्मान भारत जैसे ऐतिहासिक योजना के माध्यम से करोड़ों नागरिकों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कैंसर के इलाज को भी कवर किया जा रहा है, जिससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों को लाभ मिल रहा है।*

राष्ट्रपति ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए, विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए, देश भर में नए एम्स, मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य तथा कल्याण केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

**********************************************************************

केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि सभी रिफाइनरियां पर्याप्त कच्चे तेल के भंडार के साथ पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। घरेलू एलपीजी उत्पादन स्थिर है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

नई दिल्ली में आज पश्चिम एशिया के ताजा घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में उपभोक्ताओं को 11 हजार 300 टन व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति की गई है। उन्होंने कहा कि घरेलू एलपीजी उत्पादन में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और खुदरा दुकानों पर एलपीजी की कोई कमी नहीं है। कालाबाजारी और जमाखोरी पर की गई कार्रवाई के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि कल देशभर में चार हजार पांच सौ से अधिक छापे मारे गए।

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोई समुद्री दुर्घटना नहीं हुई है।
उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति के बीच सरकार जहाजों की आवाजाही और भारतीय नाविकों की सुरक्षा पर कड़ी नजर रख रही है।

**********************************************************************

हरियाणा में जल जीवन मिशन के दूसरे चरण को लागू करने के लिए आज केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वर्चुअल माध्यम से मौजूद रहे।
हरियाणा सरकार की ओर से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री मोहम्मद शाइन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।इस अवसर पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा भी मौजूद रहे।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जल जीवन मिशन के दूसरे चरण के अंतर्गत राज्य सरकारों व केंद्र सरकार के बीच साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए आज हुआ यह समझौता अत्यंत महत्वपूर्ण है। जल जीवन मिशन के दूसरे चरण में राज्य सरकार का ध्यान केवल जल आपूर्ति तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि उसकी गुणवत्ता, स्थिरता और दीर्घकालिक प्रबंधन पर भी केंद्रित होगा। इसके तहत जल भंडारण टैंकों का आधुनिकीकरण व शेष परिवारों को पाइप

लाइन जल आपूर्ति से जोड़ा जाएगा। इसके इलावा दक्षिण हरियाणा के जल संकटग्रस्त क्षेत्रों जैसे नूहं, पलवल और महेंद्रगढ़ में विशेष परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा। इन सभी योजनाओं पर लगभग 3000 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

*******************************************************************

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ देश भर में कृषि की स्थिति की समीक्षा की। इस बैठक में कई राज्यों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण फसलों को हुए नुकसान पर चर्चा की गई। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री चौहान ने कहा कि किसानों को जल्द से जल्द राहत सुनिश्चित करने के लिए तत्काल सर्वेक्षण और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सुचारू खरीद सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके।

*******************************************************************

आज मुख्यमंत्री आवास 'संत कबीर कुटीर' में संत शिरोमणि श्री लादू नाथ जी महाराज की पावन जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संत लादूनाथ जी की जयंती सांस्कृतिक मूल्यों, आध्यात्मिक विरासत और सामाजिक एकता का उत्सव है।

*******************************************************************

नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक शैली चौधरी ने प्रदेश कांग्रेस की अनुशासनात्मक समिति द्वारा क्रॉस वोटिंग के लिए मिले कारण बताओ नोटिस को लेकर कहा है कि वो इसका उचित जवाब देंगी। पंचकूला में पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि राम कृष्ण गुज्जर के इस्तीफे की वजह पार्टी में सुनवाई न होना है।

*******************************************************************

हरियाणा और चंडीगढ़ में पश्चिमी विक्षोभ के कारण कल से रूक रुक कर बारिश हो रही है।

*******************************************************************